UP Board Solutions for Class 7 History Chapter 10 अकबर का युग (1556 ई०-1605 ई०)

प्रश्न 1.
सोचो और बताओ कि अकबर से पूर्व उसके साम्राज्य से बड़ा किस राजा/वंश का साम्राज्य था।
उत्तर
अकबर से पूर्व उसके साम्राज्य से बड़ा मौर्य शासक अशोक का साम्राज्य था।

प्रश्न 2.
जयपुर में भी हवा लेने के लिए पंचमहल की तरह एक इमारत है, उसका नाम लिखो-
उत्तर
हवामहल।

अभ्यास

प्रश्न 1.
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-
(क) अकबर के संरक्षक का नाम क्या था?
उत्तर
अकबर के संरक्षक का नाम बैरम खाँ था।

(ख) पानीपत का द्वितीय युद्ध कब, कहाँ और किसके मध्य हुआ?
उत्तर
पानीपत का द्वितीय युद्ध सन् 1556 ई० में पानीपत के मैदान में अकबर और हेमू के मध्य हुआ।

(ग) अकबर ने अपना साम्राज्य बढ़ाने के लिए क्या नीति अपनाई?
उत्तर
अकबर ने अपना साम्राज्य बढ़ाने के लिए सीधे संघर्ष करने, वैवाहिक सम्बन्ध स्थापित करने, अधीनता स्वीकार करने वालों को शासन में पद देने एवं मित्रता करने की नीति अपनाई।

(घ) हल्दी घाटी का युद्ध कब, कहाँ और किसके मध्य हुआ?
उत्तर
हल्दी घाटी का युद्ध सन् 1576 ई० में अरावली पहाड़ी पर अकबर की गेना और महाराणा प्रताप के मध्य हुआ।

(ङ) गुजरात और बंगाल विजय से राज्य को क्या लाभ हुआ?
उत्तर
अकबर के लिए गुजरात और बंगाल प्रांत व्यापार की दृष्टि से बहुत महत्त्वपूर्ण थे। यहाँ से व्यापारी अरब, यूरोप, दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों से व्यापार करते थे, इस व्यापार से उसके साम्राज्य को अच्छी आमदनी होती थी।

(च) चाँदबीबी कौन थी?

उत्तर

चाँदबीबी अहमदनगर की रानी थी।

(छ) अकबर ने धार्मिक सहिष्णुता बढ़ाने के लिए क्या किया?

उत्तर

अकबर ने अपने राज्य का विस्तार करने व उसे सुदृढ़ बनाने को धार्मिक सहिष्णुता कः नीति अपनाई। उसने राजपूत राजाओं से वैवाहिक व व्यक्तिगत सम्बन्ध बनाए। वह सभी धर्मों की अच्छी बातें सुनता और उन पर चर्चा करता था। उसने हिन्दू, इस्लाम, पारसी धर्मों की कुछ बातें लेकर एक नए धर्म दीन-ए-इलाही की रूपरेखा बनाई। उसने सभी धर्म ग्रन्थों का फारसी में अनुवाद कराया। उसने हिन्दुओं पर लगे जजिया व यात्रा कर हटा दिए। गैर मुसलिम के धर्म-परिवर्तन बन्द कर दिया। उसके राज्य में बिना भेदभाव के नागरिकों में समानता का व्यवहार किया जाता था। उसके इस धार्मिक सहिष्णुता के कारण उसका राज्य धर्म-निरपेक्ष व सांस्कृतिक एकता को प्रोत्साहन देने वाला था।

प्रश्न 2.

निम्नलिखित प्रश्नों में सही विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए (निशान लगाकर)-

(क) हल्दी घाटी का युद्ध हुआ

1. चाँदबीबी एवं मुगलों के बीच
2. शेरशाह एवं हुमायूँ के बीच
3. मुगल एवं अफगानों के बीच
4. अकबर एवं महाराणा प्रताप के बीच **(✓)**

(ख) फतेहपुर सीकरी का निर्माण कराया –

1. हुमायूँ ने
2. शेरशाह ने
3. अकबर ने **(✓)**
4. खुसरो ने

https://www.evidyarthi.in/